दैनिक भास्कर 04/11/2023

जीएमएन कॉलेज में स्टाफ को ब्रेस्ट कैंसर से बचाव को लेकर किया गया जागरूक

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ की तरफ से स्टाफ सदस्यों के लिए स्तन कैंसर जागरूकता पर वार्ता का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त व कार्यक्रम संयोजक डॉ. सीमा कंसल ने आदेश मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल की ओंकोलॉजिस्ट डॉ. ममता सिंगला व डॉ. दीपक मल्होत्रा का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. ममता सिंगला ने स्तन कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि महिलाओं में ये बीमारी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस दौरान महिलाओं से ब्रेस्ट कैंसर के किसी भी तरह के प्रारंभिक लक्षण पाए जाने पर तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श कर उपचार शुरू करवाने की सलाह दी। उन्होंने महिलाओं से नियमित व्यायाम करने, पौष्टिक आहार लेने व नवजात शिशु को कुछ महीने तक केवल स्तनपान करवाने के बारे में बताया। इस अवसर पर टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ के अधिकतर सदस्य मौजूद थे।